# बारिश से महानदी में बढ़ा जलस्तर, जिला प्रशासन अलर्ट, कलेक्टर रानू साहू लगातार कर रही राहत बचाव कार्य की मॉनिटरिंग

## अधिकारियों को फील्ड पर रहकर प्रभावित इलाकों में सभी जरूरी इंतजाम करने के कलेक्टर साहू ने दिए हैं निर्देश






**रायगढ़**

पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश से महानदी में जलस्तर बढ़ा है और नदी के तटीय इलाकों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो रही है। इसको देखते हुए जिला प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। कलेक्टर रानू साहू ने सारंगढ़, पुसौर, बरमकेला विकासखंड के अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लेने और राहत और बचाव कार्य के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर साहू लगातार लोगों के राहत के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रही हैं।

कलेक्टर साहू के निर्देश पर प्रभावित गांवों में तत्काल तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरआई व पटवारी को तैनात किया जा रहा है। प्रभावित इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने व उनके भोजन के लिए समुचित व्यवस्था के लिए सीईओ जनपदों व खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है। कलेक्टर साहू ने स्वास्थ्य विभाग को ऐसे प्रभावित इलाकों में डॉक्टरों व मेडिकल स्टॉफ की टीम भेजने के निर्देश सीएमएचओ को दिए हैं। उन्होंने सभी जरूरी दवाइयों का स्टॉक भी रखने के लिए कहा है। बाढ़ से प्रभावित पशुधन के उपचार व देखरेख के लिए जरूरी इंतजाम करने के निर्देश उप संचालक पशुपालन को दिए गए हैं। इसके साथ आदिवासी विकास विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अमले को भी अलर्ट पर रखने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कार्यालय के आपदा प्रबंधन शाखा प्रभारी से प्राप्त जानकारी अनुसार बाढ़ से मुख्य रूप से पुसौर और सरिया तहसील के गांव प्रभावित हुए हैं। पुसौर में 4 जगहों पर बाढ़ राहत शिविर बनाए गए हैं। जिनमें बोन्दा, छिछोर उमरिया, छोटे हल्दी और पडिग़ांव शामिल हैं। पडिग़ांव शिविर मे लगभग 500 लोगों को शेल्टर दिया गया है। सरिया तहसील में सांकरा और लुकापारा में राहत शिविर बनाए गए हैं। सांकरा में रैबो के 28 और लुकापारा शिविर में ठेगागुड़ी और बोरिदा के 122 लोगों को शेल्टर दिया गया

**नगर सेना की 3 टीमें तैनात-** जहां जलस्तर बढ़ रहा है वहां से लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए कलेक्टर साहू के निर्देश पर नगर सेना की टीमें तैनात कर दी गई हैं। इनमें से 2 टीमें सरिया और 1 टीम पुसौर में तैनात है।

**बाढ़ राहत के लिए कंट्रोल रूम स्थापित, नंबर्स जारी-** रायगढ़ जिले में विगत दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश के परिप्रेक्ष्य में बाढ़/अतिवृष्टि से किसी भी प्रकार की क्षति होने की सूचना एवं सहायता के लिये कलेक्टर रानू साहू के निर्देश पर जिला कार्यालय रायगढ़ एवं तहसील स्तर पर बाढ़ आपदा राहत के संबंध में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए है। जनसामान्य उक्त कन्ट्रोल रूम में जारी नंबरों पर संपर्क कर बाढ़/अतिवृष्टि के संबंध में सूचना दे सकते है।

**कन्ट्रोल रूम में संपर्क के लिए जारी दूरभाष नंबर-** जिला कार्यालय कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07762-223750, नगर पालिक निगम रायगढ़ 07762-222911, 07762-101 है। इसी तरह तहसील रायगढ़ 07762-222135, पुसौर 07762-262862, बरमकेला 07768-265041, सारंगढ़ 07768-233708, खरसिया 07762-272757, घरघोड़ा 07767-284861, तमनार 07767-281741, लैलूंगा 07767-274275 तथा तहसील धरमजयगढ़ 07767-266232 है।

## मौसम विभाग ने दी चेतावनी : रायपुर दुर्ग सहित 12 जिलों में हो सकती है भारी बारिश

### उत्तर बंगाल की खाड़ी में बने निम्न प्रभाव के कारण हुआ सिस्टम सक्रिय

**रायपुर । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ के कई जिलों में अगले दो दिनों में भारी बारिश होने की संभावना है. मौसम विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी. रायपुर मौसम केंद्र के मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि राज्य के रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार और महासमुंद जिलों में अगले 48 घंटों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि बिलासपुर, कोरबा, मुंगेली, गरियाबंद, रायपुर, दुर्ग और धमतरी जिलों में एक या दो स्थानों पर गरज के साथ भारी बारिश हो सकती है।

चंद्रा ने बताया, उत्तर बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब क्षेत्र बनने और उसके प्रबल होने की संभावना है. इन गतिविधियों के परिणामस्वरूप 15 अगस्त तक ओडिशा, उत्तरी आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के चार संभागों- रायपुर, दुर्ग, बस्तर और बिलासपुर में भारी बारिश होने का अनुमान है. राज्य के राजस्व विभाग के अनुसार, इस साल एक जून से शुक्रवार तक छत्तीसगढ़ में औसतन 762.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है. इस अवधि में बीजापुर जिले में सबसे अधिक 1778.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि सरगुजा जिले में सबसे कम औसत वर्षा 302.7 मिमी दर्ज की गई।

## बारिश ने तोड़ा आठ साल का रिकार्ड, 2014 के बाद हुई भारी बारिश



**महासमुंद । आरएनएस**

इस वर्ष हुई बारिश ने बीते 8 साल की बारिश का रिकार्ड तोड़ दिया है। 2014 के बाद इस वर्ष जिले में सर्वाधिक बारिश हुई है जो आगामी अगस्त माहांत जारी रहने की संभावना है। इधर, मौसम विभाग ने जिले में आज भी हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है। जानकारी के अनुसार 1 जून से 14 अगस्त तक जिले मे कुल 834.7 मिमी बारिश हो चुकी है जो साल 2014 में हुई बारिश से करीब 2 सौ मिमी अधिक बारिश है। साल 2014 में आज की स्थिति में कुल 619.5 मिमी बारिश हुई थी जिसमें बागबाहरा 766.8 में जबकि सबसे कम सरायपाली तहसील में 387.8 मिमी बारिश में हुई थी। इसके अलावा पिथौरा में 737.3, महासमुंद में 703.5 और बसना में 502 मिमी बारिश हुई थी।

## भारी बारिश के चलते महानदी उफान पर, डूबा शबरी सेतु : बिलासपुर मार्ग हुआ बंद

**बलौदाबाजार/बिलासपुर । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ में पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश की वजह से महानदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जांजगीर जिले के शिवरीनारायण में महानदी पर बना शबरी सेतु डूब गया है। पुल के ऊपर करीब साढ़े तीन फीट से ज्यादा पानी बह रहा है। जिसकी वजह से शिवरीनारायण-बिलासपुर और सारंगढ़-कसडोल-बलौदाबाजार मार्ग बंद हो गया है। पिछले 15 घंटे से आवागमन पूरी तरह बंद है। वहीं आवागमन बन्द होने से दोनों ओर कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई है।

महानदी में बाढ़ के हालात को देखते हुए प्रशासन की टीम अलर्ट हो गई है। नदी के किनारे पुलिस और गोताखोर तैनात किए गए हैं। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा खुद बाढ़ के हालात पर नजर बनाए हुए हैं। आज उन्होंने बाढ़ और राहत को लेकर अधिकारियों की बैठक भी बुलाई है। जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किया है। किसी तरह की जरुरत पडऩे पर 07817-222032 से संपर्क किया जा सकता है। तटीय इलाकों में प्रशासन की ओर से मुनादी कराई गई है। गिधौरी, घटमड़वा से लेकर आसपास के करीब दर्जनभर गांवों में महानदी से बाढ़ का पानी घुस गया है। इसी तरह शिवरीनारायण के भी कई निचले इलाकों में महानदी का पानी पहुंच गया है। नदी किनारे के करीब तीन दर्जन घरों में पानी घुस गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मंकी पॉक्स के संदिग्ध 4 जवानों में से 2 की रिपोर्ट निगेटिव आई

**जगदलपुर (आरएनएस)।** कोरोना, डेंगू, मलेरिया, जापानी बुखार के बाद अब मंकी पॉक्स के संदिग्ध भी बस्तर में मिल रहे हैं। डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज में किरंदुल के सीआईएसएफ के 04 जवानों में मंकी पॉक्स के लक्षण मिले हैं, जिसमें से पूणे से मिली रिपोर्ट में 02 जवानों की निगेटिव पाया गया है, वहीं 02 जवानों की रिपोर्ट पूणे से नहीं मिल सकी है। मेकॉज ने चारों मरीजों के सैंपल एनआईवी (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी) पुणे भेजा गया था। जवानों को मंकी पॉक्स के लक्षण उभरने के बाद मेडिकल कॉलेज में आइसोलेशन वार्ड में भर्ती करवाया गया है। जवानों के शरीर पर मंकी पॉक्स के लक्षण जैसे चट्टेदार दाने उभर गए हैं, चारों जवानों का उपचार मेकॉज में किया जा रहा है। मेकॉज के अधीक्षक डॉ. नवीन दुल्हानी एवं डॉ. टीकू सिन्हा ने इस संबंध में कहा कि चार संदिग्ध जवानों में से 02 जवानों की रिपोर्ट में निगेटिव मिली और दो जवानों के रिपोर्ट आने का इंतजार है।

### डिस्काउंट में कार दिलाने का झांसा देकर 35 लाख की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** शोरूम से डिस्काउंट में कार दिलाने का झांसा देकर 35 लाख रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार टैगोरनगर पचपेड़ी नाका निवासी चंद्रशेखर मरकाम 30 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि आरोपी राजेन्द्र प्रसाद साहू ने 1 अगस्त 2020 से सितंबर के मध्य 2021 के मध्य शोरूम से 2020 का मार्डन कार को डिस्काउंट में दिलाने का झांसा देकर प्रार्थी व उसके परिचित से 35 लाख रुपए ठग लिए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## युवक से मारपीट करने वाले 4 आरोपी "हत्या के प्रयास" मामले में गिरफ्तार

- **गिरफ्तार आरोपी चाहत शुक्ला और विशाल सिंह ठाकुर पर पहले भी दर्ज हैं संगीन अपराध**
- **टेबल पूल गेम हारने पर आरोपी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर गेम पार्टनर से की थी मारपीट**

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर एवं हमराह स्टाफ एक सप्ताह से फरार चल रहे आरोपियों के लुकाछिपी के खेल को समाप्त कर चारों आरोपियों को हत्या के प्रयास मामले में गिरफ्तार रफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

आरोपियों द्वारा एक राय होकर गजाननपुरम में रहने वाले गौरव मिश्रा के साथ लोहे की पाइप, डंड, लोहे का पंच, टेबल पूल गेम के स्टिक से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाया गया था।

घटना के संबंध में दिनांक 08.08.2022 के रात्रि गजानंदपुरम मकान नं. 51 में रहने वाला गौरव मिश्रा पिता संतोष मिश्रा (उम्र 21 वर्ष) थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 08/08/22 के शाम करीब 06/30 बजे टेबल पुल खेलने MG रोड इन्द्रजीत सेलकाम गया था। वहां पर पार्टनर बनकर खेल रहे थे। गेम में इसका पार्टनर सचिन मिश्रा था और दूसरी तरफ अमन वर्मा एवं शनि सनसोरा थे। ये अपने पार्टनर के साथ गेम हार गया तब इसका पार्टनर सचिन मिश्रा गंदी गंदी गाली गलौच करने लगा जिसे गाली गलौच करने से मना किया तो पुल खेलने वाले स्टीक से मारपीट करने लगा और सचिन मिश्रा अपने साथी चाहत शुक्ला, राजु (ईला मल के पीछे वाला ) एवं छोटा बाबु ठाकुर को बुलाया। वे लोग हाथ में राड, हाकी स्टीक, लोहे का पंच लेकर आये और सचिन मिश्रा के कहने पर मां, बहन की गालीयां देते हुये मारपीट किये। आरोपियों के मारपीट से गौरव मिश्रा के सिर में ठुड्डी, कंधे, पीठ में चोट आया है। गौरव मिश्रा के रिपोर्ट पर चारों आरोपियों पर धारा 307, 294, 34 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



घटना के बाद से फरार हुए आरोपियों की पतासाजी के लिए थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर द्वारा मुखबीर एवं स्टाफ लगाकर रखा गया था। आज दिनांक 14.08.2022 को आरोपी आदित्य उर्फ चाहत शुक्ला, आदित्य श्रीवास उर्फ राजू, विशाल सिंह ठाकुर तथा सचिन मिश्रा को धर दबोचा गया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लोहे का पंच, बांस का डंडा,लोहे का पाइप, टेबल पुल खेलने वाला स्टिक जप्त कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

चारों आरोपी बदमाश किस्म के हैं। आदतन आरोपी चाहत शुक्ला के विरुद्ध थाना कोतवाली में मारपीट, लड़ाई झगड़े, लूट के कुल 10 अपराध पंजीबद्ध है तथा विशाल सिंह ठाकुर पर 17 अपराध दर्ज हैं। आहत गौरव मिश्रा को बेहतर इलाज के लिए रायपुर अस्पताल में भर्ती है। आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर, प्रधान आरक्षक संजय तिवारी, सुमन चौहान, आरक्षक अमृत सिंह,भेख लाल सिदार की अहम भूमिका रही है।

गिरफ्तार आरोपी-

(1) सचिन मिश्रा पिता स्वर्गीय मोहनलाल मिश्रा उम्र 35 वर्ष निवासी सोनूमुडा काली मंदिर रायगढ़

(2) आदित्य शुक्ला उर्फ चाहत शुक्ला पिता अरुण शुक्ला उम्र 23 वर्ष रेलवे स्टेशन मोटरसाइकिल स्टैंड के पीछे रायगढ़

(3) आदित्य श्रीवास उर्फ राजू पिता प्रह्लाद श्रीवास उम्र 21 वर्ष ईला माल के पीछे कोतरारोड़

(4) विशाल सिंह ठाकुर उर्फ छोटा बाबू ठाकुर पिता रणधीर सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी रेलवे बंगला पारा रायगढ़।

## फिर मिले स्वाइन फ्लू के नए मरीज,अब संख्या हुई 29




**रायपुर (आरएनएस)।** छग में स्वाइन फ्लू के सात नए मरीजे मिले हैं। इनमें से चार मरीज राजधानी से हैं। अब तक राजधानी में स्वाइन फ्लू के 29 मरीजों की पहचान हो चुकी है, जिसमें से 17 का इलाज चल रहा है।

दुर्ग में कुल दस मरीज मिले हैं। प्रदेश में अब इनकी संख्या बढक़र 61 हो चुकी है। वर्तमान में एक्टिव प्रकरणों की संख्या 40 हो गई है। प्रदेश के 14 जिलों से स्वाइन फ्लू के मरीज मिल चुके हैं। तीन मरीज दूसरे राज्यों के हैं, जो इलाज के लिए राजधानी आए थे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बीमारी को लेकर लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। लक्षण दिखते ही तुरंत इलाज शुरू कराएं। कवर्धा जिले में विगत दिनों स्वाइन फ्लू से एक की मौत भी हो चुकी है। हालांकि, राहत की बात रही कि स्वजन में लक्षण नहीं मिले थे।

वही स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक प्रदेश में कल 306 नए कोरोना पॉजिटिव मरीज़ों की पहचान की गई थी, और 464 मरीज़ स्वस्थ होने के उपरांत डिस्चार्ज/रिकवर्ड हुए।

## केन्द्रीय ग्रंथालय से प्रतियोगी युवाओं को होगा लाभ : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

- **मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय ग्रंथालय भवन में 1.07 करोड़ की लागत से बने सेमीनार हॉल का किया लोकार्पण**
- **केन्द्रीय ग्रंथालय के अतिरिक्त भवन निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन**
- **तीन करोड़ रुपए की लागत से बने केंद्रीय ग्रन्थालय के अतिरिक्त भवन में बैठ सकेंगे 400 लोग**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी के शंकर नगर स्थित शासकीय केंद्रीय ग्रन्थालय के लिए अतिरिक्त भवन निर्माण का भूमिपूजन और केंद्रीय ग्रन्थालय के तृतीय तल पर सेमिनार हाल के निर्माण का लोकार्पण किया। 3 करोड़ रुपए की लागत से केंद्रीय ग्रन्थालय के लिए निर्मित अतिरिक्त भवन में 394 व्यक्तियों की बैठने की व्यवस्था है। इसी तरह एक करोड़ 7 लाख रुपए से निर्मित केंद्रीय ग्रन्थालय भवन के तृतीय तल पर सेमिनार हाल में 300 व्यक्तियो के लिए बैठक व्यवस्था की गई है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर सभी को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि आज शंकरनगर के केंद्रीय ग्रंथालय के तीसरे तल पर निर्मित सेमिनार हॉल का लोकार्पण और अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ। शंकरनगर की यह लाइब्रेरी रायपुर के छात्रों और पुस्तक-प्रेमियों के लिए बहुत उपयोगी और लोकप्रिय है। इससे छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में ज्यादा से ज्यादा लाभ मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि इस ग्रंथालय में प्रतियोगी परीक्षाओं, हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, छत्तीसगढ़ी साहित्य, महिला साहित्य, विज्ञान, कला, संस्कृति, विधि, वाणिज्य एवं प्रबंधन, इंजीनियरिंग और बच्चों के लिए उपयोगी करीब 7 हजार किताबों का संग्रह है। अधिकारियों ने बताया कि ग्रंथालय में लगभग 3 हजार पाठकों ने पंजीयन कराया है। इनमें से 700 पाठक ग्रंथालय की सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। हर रोज करीब 300 पाठक इस ग्रंथालय का उपयोग करते हैं। इस ग्रंथालय के प्रारंभ से अब तक लगभग 19 युवाओं का चयन आईएफएस, डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी, सहायक संचालक, नायब तहसीलदार, बैंक प्रबंधक और सीए जैसे उच्च पदों के लिए हुआ है। शहर के बीच में स्थित इस लाइब्रेरी के तीन मंजिला भवन में रीडिंग जोन के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिक कार्नर, चिल्ड्रन कार्नर, रिसर्च सेक्शन और ई-लाइब्रेरी की भी सुविधा है। इस लाइब्रेरी के तृतीय तल पर नवनिर्मित भव्य आडिटोरियम का निर्माण पूरा होने के बाद इसका उपयोग सेमिनारों के आयोजन तथा विभिन्न गतिविधियों के लिए किया जा सकेगा, इससे छात्रों और पाठकों को लाभ होगा। इस लाइब्रेरी में पाठकों की निरंतर बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए परिसर में उपलब्ध भूमि पर अतिरिक्त दो मंजिला भवन का निर्माण करने का निर्णय लिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग इस लाइब्रेरी को अधिक से अधिक समृद्ध तथा सुविधायुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

युवाओं ने मुख्यमंत्री के साथ ली सेल्फी मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय ग्रंथालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे युवाओं से ग्रंथालय में मिल रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। युवाओं ने बताया कि यहां पर बहुत ही उपयोगी पुस्तकें उपलब्ध है। इस दौरान मुख्यमंत्री बघेल के साथ सेल्फी लेने के लिए युवाओं में होड़ लगी रही। कार्यक्रम में विधायक सत्यनारायण शर्मा, विधायक कुलदीप जुनेजा, रायपुर महापौर एजाज ढेबर और सभापति प्रमोद दुबे, विशेष सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. एस. भारतीदासन, कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, संचालक लोक शिक्षण सुनील जैन सहित लोक शिक्षण अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480